

भारत के लिए खेलने की वही भूख फिर लौट आई है, जब मैं घरेलू क्रिकेट में वापसी करके रन बनाता था, तब भी यही जुनून रहता था। अगर मुझे दोबारा भारत के लिए खेलना है तो मुझे एक बार फिर अपनी जगह बनाने के लिए पूरी ताकत लगानी होगी। – **सूर्यकुमार यादव**

भारतीय बल्लेबाज, टीम में वापसी को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



आर्यवीर सहवाग

भारत की अंडर-19 एशिया कप जीत के नायक आर्यवीर सहवाग ने अपने गर्वित पिता वीरेंद्र सहवाग के साथ वीडियो कॉल पर बातचीत के दौरान खुलासा किया कि "जब मेरी कोहनी पर गेंद लगी तो फिजियो दो-तीन बार आए। स्टैंड में करीब 2,000 पाकिस्तानी दर्शक मौजूद थे। वे 'सहवाग-सहवाग' के नारे लगा रहे थे क्योंकि वे चाहते थे कि मैं बल्लेबाजी करता रहूं। वे मेरा समर्थन कर रहे थे। यह बेहद मजेदार था।" आर्यवीर ने यह भी बताया कि रविवार को दिल्ली पहुंचने के बाद उन्हें अपनी कोहनी का एमआरआई कराना होगा।

क्या आप जानते हैं ?... भारत ने एक कैलेंडर वर्ष 2026 में 9वीं बार टी20 इंटरनेशनल में 200 या उससे अधिक रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए राजस्थान की दक्षिणा जोशी ने किया क्वालीफाई



जयपुर, 15 नवंबर। राजस्थान की उभरती तैराक दक्षिणा जोशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दक्षिणा प्रदेश की एकमात्र तैराक हैं, जिन्होंने इन खेलों की तैराकी स्पर्धाओं के लिए पात्रता हासिल की है। वे बालिका वर्ग की 100 और 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धाओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। राजस्थान तैराकी एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल व्यास ने बताया कि स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की ओर से जारी क्वालीफाई तैराकों की सूची में दक्षिणा जोशी का नाम शामिल है। दक्षिणा ने 100 मीटर बटरफ्लाई में 1 मिनट 5.35 सेकंड और 200 मीटर बटरफ्लाई में 2 मिनट 21.21 सेकंड का समय निकालकर दोनों स्पर्धाओं में जगह बनाई है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आठवां संस्करण 11 से 22 दिसंबर तक हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित होगा। इसमें देशभर के करीब 6 हजार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिताएं हैदराबाद सहित तेलंगाना के छह शहरों में होंगी।

भीलवाड़ा ने जीता 12वीं राज्य स्तरीय सीनियर कॉर्फबॉल का खिताब

रत्नगढ़ (चूरू), 15 नवंबर। राजकीय बुद्धमल दुग्गड़ नेहरू स्टेडियम, रत्नगढ़ में 13 से 15 नवंबर तक आयोजित 12वीं राज्यस्तरीय सीनियर कॉर्फबॉल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीमों के करीब 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में भीलवाड़ा ने हनुमानगढ़ को कड़े संघर्ष में 6-5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। हनुमानगढ़ को दूसरा स्थान मिला, जबकि जयपुर ने बीकानेर को 6-2 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी रमाकांत रूंथला रहे तथा अध्यक्षता भामाशाह मनोज सर्राफ ने की। राजस्थान कॉर्फबॉल संघ के अध्यक्ष नरेश कुमार शर्मा ने सफल आयोजन के लिए जिला संघ, खिलाड़ियों और अतिथियों का आभार जताया। प्रतियोगिता प्रतिवेदन इंद्रप्रकाश टांकिवाल ने प्रस्तुत किया। राजस्थान कॉर्फबॉल संघ के सचिव परसराम शर्मा ने सभी खिलाड़ियों और अतिथियों का धन्यवाद किया। समारोह में राजस्थान राज्य सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम नकवी और राजस्थान राज्य सॉफ्ट टेनिस संघ के सचिव अरविंद कुमार टांकिवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विजेता टीमों को ट्रॉफी और खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पदक देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में खेलप्रेमियों और ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

आज से खेला जाएगा चार गोल्स का कोटा कप पोलो

चार टीमें लेंगी हिस्सा, 22 नवंबर को होगा फाइनल मुकाबला

जयपुर, 15 नवंबर। जयपुर पोलो सीजन 2026 के तहत राजस्थान पोलो क्लब (आरपीसी) में 16 से 22 नवंबर तक 4 गोल्स का कोटा कप आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में रामबाग, जयपुर, जगत पोलो और आरपीसी की चार टीमें खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। मुकाबले 18 नवंबर से शुरू होंगे। पहले दिन पीपीली ग्राउंड पर रामबाग का मुकाबला जयपुर से और जगत पोलो का सामना आरपीसी से होगा। 19 नवंबर को पीपीसी ग्राउंड तथा 20 नवंबर को आरपीसी ग्राउंड पर क्रॉस सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। 21 नवंबर को विश्राम रहेगा, जबकि फाइनल 22 नवंबर को दोपहर 3:30 बजे आरपीसी ग्राउंड पर खेला जाएगा। रामबाग टीम में मिर्जा मोहम्मद बेग, सिद्धांत सिंह और प्रताप सिंह कानोता शामिल हैं। जयपुर टीम की ओर से विश्वराज सिंह राग्रैड़, डीनो धनखड़ और एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह खेलेंगे। जगत पोलो टीम में विजयश्री शक्तावत, वीरम देव सिंह कृष्णावत, विशाल सिंह राठौड़ और फेडे बौठडू शामिल हैं। वहीं, आरपीसी की टीम से योगेश्वर सिंह, मुकेश सिंह, एलन शॉन माइकल और जयवीरसिंह गोहिल मैदान में उतरेंगे।

भारत ने न्यूजीलैंड को 5वें वनडे में 22 रन से हराया, सीरीज पर 3-1 से कब्जा किया

अर्शदीप रहे प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि बरार ने प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता



माउंट माउंगानुई, 15 नवंबर। भारतीय तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को पांचवें और निर्णायक वनडे मुकाबले में न्यूजीलैंड को 22 रन से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। बे ओवल में खेले गए कम स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.1 ओवर में 209 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 48.1 ओवर में 187 रन पर सिमट गई। इसके साथ ही भारत ने न्यूजीलैंड की धरती पर तीसरी बार एकदिवसीय श्रृंखला जीतने का गौरव हासिल किया। इससे पहले भारतीय टीम ने 2009 और 2018-19 में यहां वनडे श्रृंखला जीती थी।

भारत की जीत में अर्शदीप सिंह ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 30 रन देकर तीन विकेट लिए। अक्षर पटेल ने 28 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज ने 50 रन देकर दो विकेट हासिल किए। औकीब नबी, यश ठाकुर और नमन धीर को एक-एक सफलता मिली। न्यूजीलैंड की ओर से डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। अर्शदीप सिंह को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच व गुरनूर बरार को सीरीज में 9 विकेट हासिल करने के लिए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया।

210 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत संभली हुई रही। टिम सीफर्ट और विल यंग ने शुरुआती दो ओवर सावधानी से खेले, लेकिन मोहम्मद सिराज ने पांचवें ओवर में सीफर्ट को 14 रन के निजी स्कोर पर मिड-ऑन पर कैच करा दिया। न्यूजीलैंड का पहला विकेट 26 रन पर गिरा।

इसके बाद विल यंग और निक केली ने पारी को आगे बढ़ाया। यंग 42 गेंदों पर 22 रन बनाकर अर्शदीप सिंह की गेंद पर ऋतुराज गायकवाड़ को कैच दे बैठे। 64 रन पर दूसरा विकेट गिरने के बाद निक केली और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने पारी संभालने की कोशिश की। अर्शदीप ने 22 रन बनाने वाले केली और फिन एलन को लगातार दो ओवरों में आउट कर न्यूजीलैंड को 83 रन पर चार झटके दे दिए।

फॉक्सक्रॉफ्ट और माइकल ब्रेसवेल ने पांचवें विकेट के लिए संघर्ष किया। दोनों ने टीम का स्कोर 116 रन तक पहुंचाया। औकीब नबी ने ब्रेसवेल को 19 रन पर आउट किया, जबकि यश ठाकुर ने 42 गेंदों पर 31 रन बनाने वाले फॉक्सक्रॉफ्ट को पवेलियन भेज दिया। न्यूजीलैंड का स्कोर 119 रन पर छह विकेट हो गया।

कप्तान मिचेल सैंटनर और क्रिस्टियन क्लार्क ने इसके बाद पारी को संभालते हुए टीम का स्कोर 155 रन तक पहुंचाया। नमन धीर ने 24 रन बना चुके सैंटनर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। इसके बाद अर्शदीप ने क्लार्क को 16 रन पर आउट कर अपना तीसरा विकेट हासिल किया। अक्षर पटेल ने जैकब डफी को विराट कोहली के हाथों कैच कराकर न्यूजीलैंड को नौवां झटका दिया। डफी ने नौ रन बनाए। अंतिम दो ओवर में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 23 रन की जरूरत थी। अक्षर पटेल ने ब्लेयर टिकनर को 14 रन पर आउट कर मेजबान टीम की पारी 187 रन पर समाप्त कर दी।

गंभीर के कोच बनने के बाद विदेशी धरती पर पहली वनडे सीरीज जीत

भारत ने इस सीरीज के पहले दोनों मैच जीते थे, जबकि तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था और चौथे मैच में न्यूजीलैंड को जीत मिली थी। अब आखिरी मैच जीतकर भारत ने सीरीज पर कब्जा कर लिया है। खास बात यह है कि गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद यह विदेशी धरती पर भारत की पहली वनडे सीरीज जीत है।

रोहित-विराट फिर हुए फेल, 34 रन पर गिरे तीन विकेट

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिली। रोहित शर्मा सिर्फ सात रन बनाकर मैथ्यू फिशर की गेंद पर डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को कैच दे बैठे। इसके तुरंत बाद विराट कोहली (05) भी फिशर की बाहर जाती गेंद पर विकेटकीपर टिम सीफर्ट को कैच थमा बैठे।

लक्ष्य सेन ने जापान मास्टर्स का खिताब जीता, फाइनल में कोकी वातानाबे को दी शिकस्त



कुमामोटो (जापान), 15 नवंबर। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान मास्टर्स 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को कुमामोटो प्रीफेक्चरल जिम्नेजियम में खेले गए पुरुष एकल फाइनल में लक्ष्य ने दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी मेजबान जापान के कोकी वातानाबे को तीन गेम तक चले मुकाबले में 13-21, 21-18, 21-14 से हराया। वर्ल्ड टूर में लगातार अपना दूसरा फाइनल खेल रहे लक्ष्य ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी की और वातानाबे को 1 घंटे 4 मिनट तक चले मुकाबले में शिकस्त दी।

लक्ष्य ने मुकाबले की शुरुआत संभलकर की, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने पहले गेम में उन पर दबाव बनाए रखा। वातानाबे ने लक्ष्य को कोर्ट के दाईं ओर खेलने के लिए मजबूर किया और भारतीय खिलाड़ी की गलती का फायदा उठाते हुए पहला गेम 21-13 से जीत लिया। दूसरे गेम में लक्ष्य ने आक्रामक रुख अपनाया। उनके दमदार स्मैश और बेहतर कोर्ट कवरेज के सामने वातानाबे को परेशानी हुई। लक्ष्य ने दूसरा गेम 21-18 से जीतकर मुकाबले में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली। निर्णायक तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। शुरुआत में वातानाबे ने स्मैश के जरिए अंक हासिल किया, लेकिन लक्ष्य ने भी तुरंत वापसी की। नेट के करीब शानदार रिफ्लेक्स दिखाते हुए उन्होंने जापानी खिलाड़ी को गलती करने पर मजबूर किया। इसके बाद वातानाबे ने स्मैश से बराबरी की, लेकिन लक्ष्य ने लगातार अंक जुटाते हुए ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भी लक्ष्य ने अपनी लय बरकरार रखी। उन्होंने दमदार स्मैश और सटीक शॉट्स के जरिए बढ़त बढ़ाई। एक समय वह 17-7 से आगे हो गए और खिताब उनसे कुछ ही अंक दूर रह गया। वातानाबे ने लगातार तीन अंक लेकर वापसी की कोशिश की, लेकिन लक्ष्य ने उन्हें ज्यादा मौका नहीं दिया। भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम 21-14 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

मुख्य कोच गौतम गंभीर की राय से असहमति जताई

आखिरकार हम सभी इंसान हैं, मशीन नहीं : श्रेयस



नई दिल्ली, 15 नवंबर। भारत के कार्यवाहक वनडे कप्तान श्रेयस अय्यर ने रविवार को न्यूजीलैंड में भारतीय बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन को लेकर मुख्य कोच गौतम गंभीर की राय से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि यहां की परिस्थितियों की तुलना विश्व कप मेजबान दक्षिण अफ्रीका से नहीं की जा सकती और पांच मैचों की सीरीज में दोनों टीम के गेंदबाजों का दबदबा रहा। भारतीय टीम के चौथे वनडे में महज 89 रन पर ऑलआउट होने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन पर चिंता जताई थी।

गंभीर ने कहा था, "मुझे चिंता होगी क्योंकि निश्चित तौर पर यहां की परिस्थितियां विश्व कप के दौरान मिलने वाली परिस्थितियों के सबसे करीब हो सकती हैं।" जब अय्यर से पूछा गया कि क्या न्यूजीलैंड में खेली गई वनडे सीरीज अगले साल अक्टूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 2027 विश्व कप की तैयारी के लिहाज से अभ्यास का मौका थी तो उन्होंने पांचवें वनडे में जीत के बाद विनम्रतापूर्वक गंभीर की राय से असहमति जताई। भारत ने यह मुकाबला जीतकर सीरीज 3-1 से अपने नाम की। अय्यर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हम न्यूजीलैंड में हैं इसलिए इसकी तुलना दक्षिण अफ्रीका से नहीं कर सकते।

विदेशी दौरों पर बल्लेबाजी की चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर अय्यर ने कहा, "यहां हमें मध्य विकेट पर अभ्यास करने का मौका नहीं मिलता इसलिए हम यह अंदाजा नहीं लगा पाते कि गेंद किस दिशा में जाएगी। जब भी हम विदेश दौरे पर आते हैं, तो हमें खुले नेट में अभ्यास करना पड़ता है। वहां हर चीज एक जैसी रहती है।" उन्होंने कहा, "भारत में जब हम खुले नेट में बल्लेबाजी करते हैं और शॉट लगाते हैं, तो हमें पता होता है कि गेंद कहां जा रही है और किस दिशा में निकल रही है। इसलिए विदेशों में यह हमारे सामने एक चुनौती होती है।"

" अय्यर ने लगातार क्रिकेट खेलने और बीच-बीच में यात्रा करने को भी प्रदर्शन पर असर डालने वाला बताया। उन्होंने कहा, "अगर आप लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं और इस दौरान यात्रा भी कर रहे हैं तथा बीच में अभ्यास करना पड़ता है तो यह काफी थकाने वाला हो जाता है। इसका असर निश्चित रूप से प्रदर्शन पर भी दिखाई देता है। आखिरकार हम सभी इंसान हैं, मशीन नहीं। " टी20 और वनडे में कप्तानी के अंतर के बारे में अय्यर ने कहा कि 50 ओवर के प्रारूप में पूरे मैच के दौरान लगातार दिमाग सक्रिय रखना पड़ता है जो थकाने वाला होता है। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि अब मैंने काफी कप्तानी कर ली है।

पाकिस्तान टीम कमजोर : संजय मांजरेकर

नई दिल्ली, 15 नवंबर। भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ एक विकेट से मिली रोमांचक जीत के बाद भारतीय अंडर-19 टीम के खिलाड़ियों के जश्न पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर खिलाड़ियों को मैदान पर आक्रामकता दिखानी है तो उन्हें अपने बराबर की टीमों के खिलाफ ऐसा करना चाहिए। भारत ने आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान के नौ विकेट पर 337 रन के जवाब में एक विकेट शेष रहते जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। हालांकि जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों के जश्न पर मांजरेकर ने सोशल मीडिया के जरिए तीखी प्रतिक्रिया दी। पूर्व क्रिकेटर मांजरेकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पाकिस्तान को आसान और कमजोर निशाना बताते हुए सुझाव दिया कि भारत को अपनी आक्रामकता ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड जैसी टीमों के खिलाफ दिखानी चाहिए। उन्होंने पोस्ट किया, अगर भारतीय क्रिकेटरों को मैदान पर आक्रामकता दिखानी है तो अब उसे अपने बराबर की टीमों को चुनना चाहिए। पाकिस्तान अब आसान और कमजोर निशाना है।

जीत हासिल करने के बाद खिलाड़ियों को जश्न मनाने का पूरा अधिकार : सैकिया



नई दिल्ली, 15 नवंबर। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान को आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। ओमान में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में भारत ने 338 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दबाव भरे हालात में शानदार वापसी की। एक समय भारतीय टीम के आठ विकेट गिर चुके थे और जीत के लिए 51 गेंदों पर 86 रन की जरूरत थी। ऐसे मुश्किल समय में मनल चौहान और मोहम्मद मोहिन उलवा ने नौवें विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। मनल ने 32 गेंदों पर 47 रन बनाए, जबकि मोहिन ने 26 गेंदों पर नाबाद 49 रन की पारी खेली। चिगुरुपति वेंकटा ने भी उपयोगी योगदान दिया। मोहिन ने पारी की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर भारत को यादगार जीत दिलाई। इस जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों के मैदान पर जश्न मनाने के तरीके को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तानी विकेटकीपर हमजा जहूर और उनके साथियों की ओर इशारे करते नजर आए। इस पर कुछ प्रशंसकों ने भारतीय खिलाड़ियों के व्यवहार की आलोचना की। वहीं, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने टीम का बचाव करते हुए कहा कि मुश्किल परिस्थितियों में शानदार जीत हासिल करने के बाद खिलाड़ियों को जश्न मनाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह जश्न खिलाड़ियों के संघर्ष, आत्मविश्वास और कभी हार नहीं मानने वाले रवैये को दर्शाता है। सैकिया के अनुसार, जब खिलाड़ी इतने मुश्किल हालात में मुकाबला जीतते हैं तो उन्हें अपनी खुशी जाहिर करने की पूरी आजादी मिलनी चाहिए।

राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने दर्ज की सीजन की पहली जीत, समलेश्वरी स्पोर्टिंग क्लब को 2-0 से हराया



जयपुर, 15 नवंबर। राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने आईएफएल 2026-27 में शानदार वापसी करते हुए सीजन की पहली जीत दर्ज की। राउरकेला के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में खेले गए तीसरे लीग मुकाबले में राजस्थान यूनाइटेड ने समलेश्वरी स्पोर्टिंग क्लब को 2-0 से पराजित कर तीन अंक हासिल किए। मुकाबले में राजस्थान यूनाइटेड की ओर से पहला गोल 51वें मिनट में थोम्यो शिमरे ने किया। इसके बाद 86वें मिनट में बृजेश गिरि ने शिमरे के पास पर दूसरा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। शानदार प्रदर्शन के लिए शिमरे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने एक गोल करने के साथ दूसरे गोल में भी अहम भूमिका निभाई। टीम की कप्तानी क्रिस्टो कामाई ने की। राजस्थान यूनाइटेड एफसी के चेयरमैन कृष्ण कुमार टाक और मुख्य कोच ग्यूसेप्पे क्रिस्टाल्डी ने टीम को पहली जीत पर बधाई देते हुए इसे आगे के मुकाबलों के लिए सकारात्मक शुरुआत बताया। राजस्थान यूनाइटेड का अगला मुकाबला 20 नवंबर को जयपुर में चनमारी एफसी से होगा।

न्यूजीलैंड ने दूसरे मैत्री फुटबॉल मैच में भारत को 3-0 से हराया

क्राइस्टचर्च, 15 नवंबर। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले में भी 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। क्राइस्टचर्च के वन न्यूजीलैंड स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मेजबान टीम ने पहले हाफ में ही तीन गोल दागकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। उसने गुरुवार को ऑकलैंड में खेले गए पहले मुकाबले में भारत को 5-0 से हराया था। न्यूजीलैंड के लिए फिन सर्मन ने 22वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद जेम्स मैकगैरी ने 40वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। शॉर्ट कॉर्नर से मिले पास पर मैकगैरी ने बॉक्स के किनारे से बाएं पैर से शानदार शॉट लगाया, जो भारतीय गोलकीपर विशाल कैथ को छकाते हुए गोलपोस्ट के निचले बाएं कोने में चला गया। पहले हाफ के 44वें मिनट में कप्तान क्रिस वुड ने तीसरा गोल कर भारत की वापसी की उम्मीदों को लगभग समाप्त कर दिया। मैट गार्बेट ने जेसी रैंडल को बॉक्स के अंदर गेंद दी और रैंडल ने उसे खुले गोलपोस्ट के सामने मौजूद वुड तक पहुंचा दिया। वुड ने आसानी से गेंद को गोल में डाल दिया। पहले मुकाबले में 0-5 से हारने वाली भारतीय टीम दूसरे हाफ में भी कोई गोल नहीं कर सकी। हालांकि, 85वें मिनट में बिजॉय वर्गीज ने गोललाइन पर शानदार बचाव करते हुए एलेक्स रुफर के शॉट को गोल में जाने से रोक दिया। एक मिनट के इंजरी टाइम के बाद मुकाबला 3-0 के स्कोर पर समाप्त हुआ।

इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 135 रनों से धोया

नई दिल्ली, 15 नवंबर। इंग्लैंड ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया को दूसरे वनडे मैच में 135 रनों से करारी शिकस्त दी। इंग्लैंड ने एडिलेड ओवल में खेले गए मुकाबले के दौरान ऑस्ट्रेलिया में वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टॉम बैंटन के दमदार शतक की बदौलत इंग्लैंड की टीम ने दूसरे मैच में 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 355 रनों का विशाल स्कोर बनाया। इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती ओवरों में ही विकेट गंवा दिए, जिसके कारण टीम 44.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 220 रन ही बना पाई।

आईओए चुनाव : पीटी उषा और हरजिंदर सिंह का नामांकन स्वीकार, सभी आपत्तियां खारिज

नई दिल्ली, 15 नवंबर। भारतीय ओलंपिक संघ के निर्वाचन अधिकारी ने पांच दिसंबर को होने वाले चुनावों के लिए मौजूदा अध्यक्ष पीटी उषा और भारतीय आइस हॉकी संघ के महासचिव हरजिंदर सिंह को निर्वाचक मंडल में शामिल करने को लेकर उठाई गई आपत्तियों को खारिज करते हुए उनके नामांकन को स्वीकार कर लिया है। आईएचएआई के एक गुट ने शुक्रवार को दावा किया था कि दिग्गज एथलीट उषा आइस हॉकी के राष्ट्रीय महासंघ की सदस्य नहीं हैं और इसलिए आईओए की आम सभा में इसका प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती हैं। निर्वाचक मंडल की अंतिम सूची में शामिल उषा और हरजिंदर की पात्रता पर सवाल उठाए गए थे, जो दोनों आईएचएआई के सदस्य के रूप में सूचीबद्ध हैं। निर्वाचन अधिकारी ने आईएचएआई से जवाब मांगा और 14 नवंबर को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए उसके प्रतिनिधियों को बुलाया। हरजिंदर और श्रीनिवास कोटनी बैठक में उपस्थित हुए और उन्होंने पुष्टि की कि उषा और वर्तमान महासचिव आइस हॉकी संघ के सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने 14 नवंबर को नोटरी द्वारा सत्यापित एक विस्तृत हलफनामा भी पेश किया। इसके अलावा आपत्तियों के जवाब में रिकॉर्ड और स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत किए। इस दौरान आईओए से यह स्पष्टीकरण मांगा गया कि क्या किसी विशेष खेल से जुड़ा कोई व्यक्ति केवल उसी संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघ का सदस्य हो सकता है या वह किसी अन्य एनएसएफ का भी सदस्य बन सकता है।

विजय मर्चेंट ट्रॉफी : राजस्थान ने गोवा पर बनाई 78 रन की बढ़त, वासुदेव का नाबाद शतक

जयपुर, 15 नवंबर। बीसीसीआई अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में राजस्थान ने गोवा के खिलाफ पहली पारी में 78 रन की बढ़त हासिल की। गोवा की टीम पहली पारी में 228 रन पर आउट हुई। राजस्थान के आंजनेय शर्मा ने चार और हर्षित यादव ने तीन विकेट लिए। जवाब में राजस्थान ने दूसरे दिन पांच विकेट पर 306 रन बना लिए। कप्तान कुमार वासुदेव ने नाबाद 130 रन और तविष शर्मा ने 67 रन बनाए। दैविक



सोमानी ने 47 रन का योगदान दिया। **बीसीसीआई अंडर-23 महिला टी-20 ट्रॉफी** में राजस्थान को गुजरात ने पांच विकेट से हराया। राजस्थान ने छह विकेट पर 132 रन बनाए। डिंपल कंवर ने 64 रन की पारी खेली। गुजरात ने श्रेया खलासी (53) और चार्ली सोलंकी (40) की पारियों से लक्ष्य हासिल कर लिया। **आरसीए अंडर-23 चैलेंजर ट्रॉफी** में टीम एफ ने टीम सी को 25 रन, टीम डी ने टीम जे को 48 रन, टीम आई ने टीम ए को 43 रन से हराया। टीम ई ने टीम जी को छह विकेट और टीम एच ने टीम बी को सात विकेट से पराजित किया। मुकाबलों में सचिन लखेसर (79), सुनील शर्मा (64), भवित कुमावत (85), करण मिराक (72), मोहम्मद सोयब (69), अव्यांश सिंह (58) और अंकित कुमार (नाबाद 78) ने उल्लेखनीय पारियां खेलीं।

राजस्थान रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में 540 खिलाड़ियों ने लिया भाग

जयपुर, 15 नवंबर। जगतपुरा स्थित रीको खेल सिटी में 12 से 14 नवंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय राजस्थान रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 540 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जयपुर स्केट एसोसिएशन के सचिव ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह, आईपीएस राजेंद्र सिंह सिसोदिया और अखिल शुक्ला अतिथि के रूप में मौजूद रहे। एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र मीणा और अनिल कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया तथा पदक विजेताओं को सम्मानित किया।

जिला क्रिकेट संघ दौसा की नई कार्यकारिणी गठित, बृजकिशोर उपाध्याय फिर बने सचिव

शोभना गुर्जर अध्यक्ष निर्वाचित, सभी पदों पर निर्विरोध हुआ निर्वाचन; 2026-2030 के लिए चुनी गई नई टीम



दौसा, 15 नवंबर। जिला क्रिकेट संघ दौसा की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को महुआ स्थित होटल केशव पैलेस में संपन्न हुए। चुनाव में श्रीमती शोभना गुर्जर को अध्यक्ष और बृजकिशोर उपाध्याय को पुन: सचिव चुना गया। वर्ष 2026-2030 के लिए गठित नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव राजस्थान क्रिकेट संघ के पर्यवेक्षक देवाराम चौधरी, जिला खेल अधिकारी पर्यवेक्षक कजोड़मल तथा उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां दौसा के विमलेश कुमार सैनी की निगरानी में संपन्न हुए।

चुनाव अधिकारी राकेश कुमार ने चुनाव प्रक्रिया पूरी कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। नई कार्यकारिणी में अशोक कुमार कोषाध्यक्ष, रतनचंद शर्मा, शिवचरण शर्मा, हीरालाल सेन और गणेश दत्त शर्मा उपाध्यक्ष चुने गए। शशिकांत शर्मा, यतेश कुमार, पवन कुमार और रविकांत कटारा संयुक्त सचिव तथा जयप्रकाश शर्मा आयोजन सचिव बनाए गए।

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रणवीर सिंह गुर्जर, स्वतंत्र कुमार सैन, रामकेश शर्मा, गिरधारी सिंघल, केशव गुर्जर, विकास कुमार, अमित कुमार, इन्द्राज गुर्जर और लक्ष्मण सिंह गुर्जर चुने गए। बैठक में पूर्व कार्यकाल के खेल संबंधी कार्यों, लेखा-जोखा, ऑडिट और पिछली आमसभा के एजेंडे का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। जिले में क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सचिव बृजकिशोर उपाध्याय को सौंपी गई। बैठक में पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय ओमप्रकाश भारद्वाज को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। उनकी स्मृति में जिला क्रिकेट संघ की ओर से टूर्नामेंट आयोजित करने के प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।